Simla Chandigarh Diocese
Bishop's House, P.O. Box No: 709, Sector 19-A Chandigarh - 160 019, INDIA.

† Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh

TEL: 0172-2775777, 2773777
FAX: 0172-2781630
EMAIL: bpignatius@gmail.com

**Ref. DSC/Cir. 11/2024** **26.11.2024**

# आगमन काल पर धर्माध्यक्ष का आध्यात्मिक सन्देश - 2024

प्रभु येसु ख्रीस्त में, हमारे शिमला-चंडीगढ़ धर्मप्रान्त के पुरोहितगण, धर्मसंघी तथा लोकधर्मि जन।
सभी को प्रभु के प्रेम और शान्ति की शुभकामना।

प्रिय भाइयों और बहनों,

हम आगमन काल के इस पवित्र आध्यात्मिक सफर की शुरूआत कर रहे हैं, और इस सफर में यिरमियाह नबी हमें आमंत्रित करते हुए कहते हैं, "प्रभु यह कहता है: देखो, वे दिन आ रहे हैं, जब मैं इस्राएल तथा यूदा के घराने के प्रति अपनी प्रतिज्ञा पूरी करूँगा" (यिरमियाह 33:14)। ईश्वर की यह प्रतिज्ञा, हमारे प्रति उसके असीम प्रेम का प्रमाण है, जो प्रभु येसु मसीह के जन्म के द्वारा सत्य सिद्ध हुआ है।

हम साल 2024 के पूजन धर्मविधि वर्ष का समापन कर, साल 2025 के साधारण जुबली वर्ष में प्रवेश किये हैं, हम अपने जीवन में प्रभु ईश्वर की अपार कृपा के लिए धन्यवाद देते हैं। प्रभु हमारे जीवन को प्रकाशित करता रहे और हमारे कदमों का मार्गदर्शन करता रहे।

जैसे जैसे हम क्रिस्मस यानी प्रभु येसु ख्रीस्त के जन्मदिन के करीब आ रहे हैं, हम कोशिश करें की उम्मीद और खुशी को हम अपनी पहचान बनायें। संसारिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बावजूद, हम इस आशा के साथ आगे बढ़ते रहें कि, हमारा प्रभु ईश्वर हमारे साथ चल रहा है। और इसलिए हम उनके राज्य के आगमन के लिए प्रार्थना करें तथा प्रभु द्वारा वादा किए गये मुक्ति का, आनन्द के साथ प्रतीक्षा करें।

आगमन की पुष्पांजलि: आशा, शान्ति, आनन्द और प्रेम के प्रतीकात्मक मोमबत्तियों के साथ, संसार की ज्योति, प्रभु येसु मसीह की ओर, हमें हमारी यात्रा की याद दिलाती है। संत पिता फ्रांसिस, अक्सर आशा की बात करते हुए कहते हैं, "हमें प्रभु पर आशा करने की जरुरत है", और इसलिए संत पिता ने आधिकारिक तौर पर साल 2025 को, जुबली का वर्ष घोषित किया है, जिसका विषय है, "आशा के तीर्थयात्री"। इसका वर्णन वे अपने दस्तावेज़ "स्पेस नॉन कॉन्फदित", में करते हैं, जिसका अर्थ है, "आशा व्यर्थ नहीं होती" (रोमियों 5:5)।

जुबली वर्ष की शुरुआत, प्रभु येसु ख्रीस्त के जन्मदिन की पूर्व संध्या को, यानी 24 दिसंबर 2024 को, संत पीटर महागिरजा घर / बेसिलिका के पवित्र द्वार के खुलने के साथ होगा। तो इस जुबली वर्ष की तैयारी करते हुए, आइये हम भी, संत पिता के आह्वान का पालन करें कि, "हमारी आशा प्रभु पर केन्द्रित रहे" (भजन 25:4-14), क्योंकि आशा व्यर्थ नहीं जाती।

हम हमारे धर्मप्रान्त में, जुबली वर्ष 2025 का उद्‌घाटन, आधिकारिक तौर पर 29 दिसंबर, 2024 को पवित्र परिवार के पर्व के दिन, सुबह 10:30 बजे क्राइस्ट द किंग कैथेड्रल चण्डीगढ़ में, पवित्र मिस्सा बलिदान के साथ करेंगे। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि, आप इस जुबली वर्ष को, अपने पल्लीयों में रविवार के दिन, एक भव्य पूजन समारोह के साथ, बड़े ही आनन्द और उत्साह के साथ मनायें। साथ ही, हम प्रत्येक दिन मिस्सा बलिदान के बाद जुबली की प्रार्थना करें। मैं प्रत्येक डीनरी को तथा धर्मप्रान्त के अलग-अलग आयोग से आग्रह करता हूँ कि, इस विशेष जुबली वर्ष 2025 को भव्य रुप से मनाने के लिए, आप विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन करें।

धर्मसभा समेकित संश्लेषण के प्रकाश में, सी सी बी आई द्वारा प्रकाशित, "पॉस्टोरल प्लान: जर्नींग टुवर्ड्स ए सिनोडल मिशन 2033" को ध्यान में रखते हुए, आइये हम, आशा का निर्माण करने तथा जीवन को बदलने का प्रयास करें। एक धर्मसभा मिशनरी चर्च की ओर बढ़ते हुए, आइये हम, प्रभु के शिष्य होने के अर्थ और सच्चे पड़ोसी होने की अपनी बुलाहट पर हम विचार करें। सी सी बी आई (भारत के कैथोलिक धर्माध्यक्षों का सम्मेलन) के दिशानिर्देशों के अनुसार, हमने 24 नवम्बर 2024 को, ख्रीस्त राजा के पर्व के दिन, इस पैस्टोरल प्लान का अनावरण किया।

जैसे-जैसे हम प्रभु के जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रहे हैं, हमारे लिए संत योहन बपतिस्ता एक प्रेरणा होना चाहिए। हमारे अन्दर, हमारे अपने बपतिस्मे की उस ज्वाला को फिर से प्रज्वलित करने की जरुरत है, ताकि हम जरूरतमंद लोगों के प्रति करुणा और सेवा के में निष्ठावान बनते जायें।

मैं आप सभी के अटूट सहयोग तथा समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूँ। हमारे मुक्तिदाता के जन्मदिन का यह पवित्र समय, आप सभी को, प्रभु के आनन्द, शान्ति और प्रेम से भर दे। और आने वाले नये वर्ष 2025 में, हम सभी, आशा के तीर्थयात्री बनें।

प्रभु येसु ख्रीस्त की कृपा आप सभी पर बनी रहे।

+ Mascarenhas

**बिशप इगनेशियस मस्करेन्हस।**
**शिमला चण्डीगढ़ धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष**

Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh